# आकाशवाणी केन्द्र शिमला

## 21.09.2025/प्रादेशिक समाचार/15.00बजे

संबोधन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज शाम 5 बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स के माध्यम से ये जानकारी साझा की है। ये संबोधन आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी केंद्रों से प्रसारित किया जाएगा।

जीएसटी

वस्तु व सेवा कर यानि जी.एस.टी. की नई दरें कल 22 सितम्बर से लागू हो रही हैं। कंपनियों ने ग्राहकों को लाभ देने के लिए कई उत्पादों का दाम कम करने का सिलसिला जारी रखा है। कल से शुरू हो रहे त्योहारी सीजन में इससे बाजारों में खासी रौनक रहने की संभावना है। इस बीच अमूल ने दूध समेत सात सौ उत्पादों के दाम कम कर दिए हैं। इनमें घी, मक्खन, आईसक्रीम, बेकरी और अन्य उत्पाद शामिल हैं।

जीएसटी हेल्पलाइन

इस बीच उपभोक्ता मामले विभाग ने अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों के तहत राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन पर जीएसटी शिकायत निवारण की सुविधा शुरू की है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि कल से प्रभावी संशोधित जीएसटी दरों और छूटों के कार्यान्वयन के बाद उपभोक्ताओं की अपेक्षित पूछताछ और शिकायतों के समाधान के लिए एकीकृत शिकायत निवारण तंत्र पोर्टल शुरू किया गया है। इसमें ऑटोमोबाइल, बैंकिंग, उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुएं, ई–कॉमर्स, फास्ट–मूविंग उपभोक्ता वस्तुएं जैसी शिकायतें दर्ज की जाएंगी। इस पहल से वस्तु और सेवा कर अनुपालन को मज़बूत करने और उपभोक्ताओं को निष्पक्ष बाज़ार प्रथाओं में सक्रिय हितधारक बनने के लिए सशक्त बनाकर एक सहभागी शासन मॉडल को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। मंत्रालय ने कहा कि उपभोक्ता अब पोर्टल या टोल–फ्री नंबर 1 9 1 5 के माध्यम से सत्रह भाषाओं में अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं।

सेवा पखवाड़ा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर चल रहे सेवा पखवाड़े के तहत आज भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा शिमला के रिज मैदान से चौड़ा मैदान तक नमो युवा मैराथन का आयोजन किया गया। इस मैराथन को नेता विपक्ष जयराम ठाकुर और पार्श्व गायक मोहित चौहान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मैराथन का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखने और स्वस्थ रहने का संदेश देना है। तीन किलो मीटर की मैराथन में बड़ी संख्या में युवाओं व अन्य लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर नेता विपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि नशा हिमाचल प्रदेश में तेज गति से फैल रहा है ऐसे में नशे के खिलाफ जन आंदोलन छेड़ने की जरूरत है।

*निश्चित रूप से मेरा मेरा यही कहने का मतलब है यह जब तक जन आंदोलन नहीं बन पाएगा तब तक के लिए इसका असर नहीं हो पाएगा रश्मि हम कार्यक्रम करते रहे भाषण देते रहे हैं मैंने कहा बोलते रहे उससे कुछ समाधान नहीं अगर स्वच्छता पूरे देश में स्वच्छता का*

*अभियान तो उसमें सबसे बड़ा आंदोलन समाज के हर वर्ग में उसको स्वीकार किया और हर व्यक्ति को लगा कि स्वच्छता मेरे लिए आवश्यक है मेरे परिवार के लिए आवश्यक है मेरे समाज के लिए मेरे पड़ोस के लिए देश के लिए आवश्यक है स्वीकार भी करना होगा और इसी प्रकार हम संचालित करते रहें।*

प्रसिद्ध गायक मोहित चौहान ने कहा कि युवा गलत रास्ते पर न जाए इसके लिए इस दौड़ का आयोजन किया गया है।

*ये जो नमो युवा रन जो हो रहा है नशामुक्ति के संदर्भ  यि जो नमो युवा रन जो हो रहा है नशामुक्ति के संदर्भ  किया जा रहा है। ये बहुत ही इंपारटेंट चीज है। क्योंकि हम ये अफोर्ड नहीं कि हमारा जो ये यूथ है वो गलत रास्ते पर जाए।  ऐसा होगा तो देवभूमि का ख्याल कौन रखेगा। हमारे युवा सही रस्ते पर चले हमारे जो पहाड़ हैं हमारी संस्कृति है। हमारे ग्लेशियर, हमारे नदियां, हमारा पानी वो कैसे अच्छा रहे तो उसके लिए बहुत जरूरी है कि ये लोगों तक संदेश जाए जन आंदोलन हो कया जा रहा है। ये बहुत ही इंपारटेंट चीज है। क्योंकि हम ये अफोर्ड नहीं कि हमारा जो ये यूथ है वो गलत रास्ते पर जाए।  ऐसा होगा तो देवभूमि का ख्याल कौन रखेगा। हमारे युवा सही रस्ते पर चले हमारे जो पहाड़ हैं हमारी संस्कृति है। हमारे ग्लेशियर, हमारे नदियां, हमारा पानी वो कैसे अच्छा रहे तो उसके लिए बहुत जरूरी है कि ये लोगों तक संदेश जाए जन आंदोलन हो।*

नवरात्रे

शारदीय नवरात्र कल से आरम्भ हो रहे हैं। नवरात्र के चलते प्रदेश के सभी शक्तिपीठों सहित अन्य धार्मिक स्थलों में विशेष व्यवस्था की गई है। शक्तिपीठों में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अतिरिक्त संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। शिमला में भी उपायुक्त अनुपम कश्यप ने ज़िले के बड़े मंदिरों में व्यवस्था प्रबंधन को लेकर दिशा–निर्देश जारी किए हैं।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज क्षेत्रों में आज मौसम साफ बना हुआ है। जनजातीय जिला किन्नौर में भी आज धूप खिली हुई है। जबकि कुल्लू व मंडी में हल्के बादल छाए हुए हैं। प्रदेश में इस मॉनसून सीजन में अभी तक सामान्य से 46 फीसदी अधिक वर्षा रिकॉर्ड की गई है। इस वर्ष मॉनसून के दौरान अभी तक एक हज़ार 21 मिलीमीटर वर्षा हो चुकी है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार अगले दो–तीन दिनों के दौरान प्रदेश के कुछ हिस्सों से दक्षिण पश्चिम मानसून की वापसी के लिए परिस्थितियां अनुकूल दिख रही हैं।

..............................................